# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

(केन्द्रीय विविध)

## आदेश

निदेशक, शैक्षणिक, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना के पत्रांक– 42 दिनांक 29.01.2020 द्वारा तिरहुत कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन, कृष्णनन्दन सहाय नगर, झपहाँ, मुजफ्फरपुर एवं पत्रांक– 53 दिनांक 06.03.2021 द्वारा मिथिला हनुमंत राष्ट्रीय स्मारक एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, इन्दिरा नगर, गोईमिश्रलगमा, घनश्यामपुर, दरभंगा को सत्र 2020–22 से एक यूनिट (50) प्रशिक्षणार्थी को दो वर्षीय डी०पी०एड० कोर्स संचालन हेतु संबद्धता प्रदान की गई है। साथ ही निदेशक, शोध एवं प्रशिक्षण के पत्रांक 312 दिनांक 31.05.2022 के आलोक में सत्र 2022–24 से पूर्व के सत्रों की परीक्षा एन०सी०टी०ई० द्वारा निर्धारित डी०पी०एड० पाठ्यक्रम के आधार पर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को परीक्षा आयोजित करने पर सहमति प्रदान की गयी है।

उक्त के आलोक में दिनांक 01.08.2022 को समिति की बैठक में विषय संख्या– 46 पर डी०पी०एड० पाठ्यक्रम की परीक्षा वर्ष 2022 में आयोजन हेतु परीक्षा संरचना, उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले प्रशिक्षुओं के पंजीयन तथा परीक्षा आवेदन शुल्क निर्धारण संबंधी विषय पर प्राप्त निर्णय के आलोक में एतद् द्वारा निम्नलिखित आदेश निर्गत किये जाते हैं :–

1. **अंक योजना :–**

| प्रथम वर्ष | | | | | द्वितीय वर्ष | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सैद्धांतिक(Therory) परीक्षा | | प्रायोगिक(Practical) परीक्षा | | कुल अंक | सैद्धांतिक(Therory) परीक्षा | | प्रायोगिक(Practical) परीक्षा | | कुल अंक |
| आंतरिक (Internal) परीक्षा का अंक | लिखित परीक्षा का अंक | आंतरिक (Internal) परीक्षा का अंक | प्रायोगिक परीक्षा का अंक | | आंतरिक (Internal) परीक्षा का अंक | लिखित परीक्षा का अंक | आंतरिक (Internal) परीक्षा का अंक | प्रायोगिक परीक्षा का अंक | |
| 30 X 8 = 240 | 70 X 8 = 560 | 30 X 8 = 240 | 70 X 8 = 560 | 1600 | 30 X 8 = 240 | 70 X 8 = 560 | 30 X 8 = 240 | 70 X 8 = 560 | 1600 |
| | | | | | | | | | |

सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक के आंतरिक अंक महाविद्यालय स्तर पर सम्पूर्ण सत्र में छात्र/छात्रा के आकलन के आधार पर प्रदान किया जायेगा, जबकि प्रायोगिक परीक्षा समिति द्वारा प्रतिनियुक्त किये गये पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में महाविद्यालय में आयोजित होगी।

2. **SCHEME OF EXAMINATION** :- दो वर्षीय डी0पी0एड0 कोर्स के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष का (सैद्धांतिक + आंतरिक + प्रायोगिक) परीक्षा का विषयवार पूर्णांक एवं उत्तीर्णांक का निर्धारण निम्नवत रूप से किया जाता है :–

## FIRST YEAR

| Paper | THEORY (800)<br>Subject | Theory Internal अंक | उत्तीर्णांक | Theory लिखित परीक्षा | उत्तीर्णांक | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| T-101 | History and Principles of Physical Education | 30 | 12 | 70 | 28 | 100 |
| T-102 | Foundations of Physical Education | 30 | 12 | 70 | 28 | 100 |
| T-103 | Basic Anatomy and Physiology | 30 | 12 | 70 | 28 | 100 |
| T-104 | Recreation & Value education | 30 | 12 | 70 | 28 | 100 |
| T-105 | Yoga Education | 30 | 12 | 70 | 28 | 100 |
| T-106 | Health Education and Environmental Studies | 30 | 12 | 70 | 28 | 100 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| T-107 | Methods of physical Education | 30 | 12 | 70 | 28 | 100 |
| T-108 | Adapted Physical Education and Corrective Exercises | 30 | 12 | 70 | 28 | 100 |
| | | | | | कुल | **800** |
| | **PRACTICAL (800)** | | | | | |
| **Paper** | **Subject** | **Practical Internal अंक** | **उत्तीर्णांक** | **प्रायोगिक परीक्षा** | **उत्तीर्णांक** | **कुल अंक** |
| PC-201 | Track and Field-Running events Swimming/Gymnastics (Any one) | 30 | 15 | 70 | 35 | 100 |
| PC-202 | Badminton, Cricket, Football, Kabaddi, Throwball | 30 | 15 | 70 | 35 | 100 |
| PC-203 | Minor Games | 30 | 15 | 70 | 35 | 100 |
| PC-204 | Calisthenics, Dumb-bell, Flag hoisting, Hoops, Lezium, March-Past, umbrella, Wands. | 30 | 15 | 70 | 35 | 100 |
| PC-205 | Track and Field-Running events Swimming/Gymnastics (Any one) | 30 | 15 | 70 | 35 | 100 |
| PC-206 | Ball Badminton, handball, Hockey, Kho-kho, Softball | 30 | 15 | 70 | 35 | 100 |
| PC-207 | Aerobics, Chess, kolatam, Mallkhambh, Shooting, yoga | 30 | 15 | 70 | 35 | 100 |
| TP-208 | Teaching Practice, General Lesson plans in 1 Year. Out of 10 lessons 4 Internal & External and 5 lessons at Schools. | 30 | 15 | 70 | 35 | 100 |
| | | | | | कुल | **800** |
| | | | | | महायोग | **1600** |

## SECOND YEAR

| | **THEORY (800)** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Paper** | **Subject** | **Theory Internal अंक** | **उत्तीर्णांक** | **Theory लिखित परीक्षा** | **उत्तीर्णांक** | **कुल अंक** |
| T-301 | Sports Training | 30 | 12 | 70 | 28 | 100 |
| T-302 | Child Psychology and Sociology | 30 | 12 | 70 | 28 | 100 |
| T-303 | Information Technology in Physical Education | 30 | 12 | 70 | 28 | 100 |
| T-304 | Youth Leadership & Social Welfare | 30 | 12 | 70 | 28 | 100 |
| T-305 | Sports injuries and Rehabilitation | 30 | 12 | 70 | 28 | 100 |
| T-306 | Organisation and Administration of Physical | 30 | 12 | 70 | 28 | 100 |
| T-307 | Test and Measurement in Physical Education | 30 | 12 | 70 | 28 | 100 |
| T-308 | Nutrition and Naturopathy | 30 | 12 | 70 | 28 | 100 |
| | | | | | कुल | **800** |

| | **PRACTICAL (800)** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Paper** | **Subject** | **Practical Internal अंक** | **उत्तीर्णांक** | **प्रायोगिक परीक्षा** | **उत्तीर्णांक** | **कुल अंक** |
| PC-401 | Track and Field-Throwing Events Swimming/Gymnastic (Any one) | 30 | 15 | 70 | 35 | 100 |
| PC-402 | Basketball, Table-Tennis, Tennikoit, Tennis | 30 | 15 | 70 | 35 | 100 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| PC-403 | Boxing/Fencing/Judo/Karate/ Taekwondo,Bharathiyam Combatives, Dands & Baithaks, National Songs, Surya namaskar | 30 | 15 | 70 | 35 | 100 |
| PC-404 | Athletics Specialization | 30 | 15 | 70 | 35 | 100 |
| PC-405 | Game of Specialization: Badminton, Ball Badminton, Basketball, Cricket, Football, Handball, hockey, Kabaddi, Kho-kho, Softball, Tennis, Table-Tennis, Volleyball (Any one of these) | 30 | 15 | 70 | 35 | 100 |
| PC-406 | Teaching Practice in Sports Specialization: Coaching lesson plan in Track and Field/Swimming/Gymnastics (Any one of these) | 30 | 15 | 70 | 35 | 100 |
| PC-407 | Particular lesson plans in any one game from I & II year, 5 lesson (4 internal & 1 External) | 30 | 15 | 70 | 35 | 100 |
| PC-408 | Teaching practice in Game of specialization: Coaching lessons: Badminton, Ball Badminton, Basketball, Cricket, Football, handball, Tennis, Table Tennis, Volleyball (Any one the these) | 30 | 15 | 70 | 35 | 100 |
| | | | | | **कुल** | **800** |
| | | | | | **महायोग** | **1600** |

पाठ्यक्रम के सैद्धांतिक (Theory) विषयों एवं उसके आंतरिक मूल्यांकन के उत्तीर्णांक का निर्धारण पूर्णांक का 40 प्रतिशत अर्थात Theory आंतरिक मूल्यांकन के पूर्णांक 30 का उत्तीर्णांक 12 तथा सैद्धांतिक विषय के पूर्णांक 70 का उत्तीर्णांक 28 अंक होगा।

प्रायोगिक विषय के आतरिक मूल्यांकन के उतीर्णांक का निर्धारण पूर्णांक का 50 प्रतिशत अर्थात Practical आतरिक मूल्यांकन के पूर्णांक 30 का उत्तीर्णांक 15 एवं वाहय प्रायोगिक परीक्षा के पूर्णांक 70 का उत्तीर्णांक 35 अंक होगा।

3. पंजीयन :–

(A) उक्त दोनों महाविद्यालयों का निम्न सत्रों में नामांकित प्रशिक्षुओं का पंजीयन बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा किया जायेगा :–

| कोर्स का नाम | महाविद्यालय का नाम | प्रशिक्षण सत्र | NCTE द्वारा मान्यता प्रदत्त सीटों की संख्या |
|---|---|---|---|
| डी०पी० एड० | तिरहुत कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन कृष्ण नन्दन सहाय, नगर, झपहा, मुजफ्फरपुर | 2020–22<br>2021–23 | 50<br>50 |
| डी०पी० एड० | मिथिला हनुमंत राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षण महाविद्यालय इन्द्रानगर, गोई मिश्रलगमा, धनश्यामपुर, दरभंगा | 2020–22<br>2021–23 | 50<br>50 |

(B) **पंजीयन शुल्क निर्धारण :–**

| मद | निर्धारित भुल्क |
|---|---|
| ऑनलाईन पंजीयन आवेदन पत्र शुल्क (सभी कोटि के छात्र / छात्राओं का) | 50 / रुपये |
| ऑनलाईन डाटा इन्ट्री शुल्क | 20 / रुपये |
| पंजीयन शुल्क | 300 / रुपये |
| **कुल राशि** | **370 / रुपये** |

4. **परीक्षा शुल्क** :– ऑनलाईन रूप से समिति के निर्धारित पोर्टल पर महाविद्यालय द्वारा परीक्षा मद में निम्नवत शुल्क जमा किया जायेगा :–

| शुल्क का प्रकार | प्रथम वर्ष सैद्धांतिक परीक्षा हेतु शुल्क | द्वितीय वर्ष सैद्धांतिक परीक्षा हेतु शुल्क |
|---|---|---|
| आवेदन शुल्क | 250 / रुपये | 250 / रुपये |
| परीक्षा शुल्क | 100 / रुपये | 100 / रुपये |
| विविध शुल्क | 800 / रुपये | 800 / रुपये |
| प्राप्तांक / अंक पत्रक | 350 / रुपये | 350 / रुपये |
| औपबंधिक प्रमाण पत्र | ............ | 125 / रुपये |
| **कुल** | **1500 / रुपये** | **1625 / रुपये** |

विलम्ब शुल्क प्रति परीक्षार्थी प्रति परीक्षा 175 / रू अतिरिक्त देय होगा।

नोटः– पंजीयन एवं परीक्षा हेतु आवेदन प्राप्ति संबंधित विज्ञप्ति अलग से प्रकाशित की जायेगी।

5. **<u>परीक्षा संरचना (Pattern)</u>** :–

(क) दो वर्षीय डी0पी0एड0 कोर्स के प्रथम वर्ष (सैद्धांतिक+ आंतरिक+ प्रायोगिक) का निर्धारित विषय के अन्तर्गत कुल 1600 अंक तथा द्वितीय वर्ष के लिये भी 1600 अंक निर्धारित है। उक्त कोर्स का परीक्षाफल समेकित रूप से 3200 अंको का होगा।

(ख) कुल 3200 अंक का 60 प्रतिशत 1920 एवं उससे उपर अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी प्रथम श्रेणी से सफल होंगे। कुल अंक 3200 का 40 प्रतिशत से 59.99 तक यानि 1280 से 1919 अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण होंगे। कुल अंक 3200 में 40 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी अनुत्तीर्ण के श्रेणी में होंगे।

(ग) अभ्यर्थी को उत्तीर्णता के लिये प्रत्येक विषय का (सैद्धांतिक + आंतरिक + प्रायोगिक) निर्धारित उत्तीर्णांक प्राप्त होने पर ही परीक्षाफल उत्तीर्ण होगा। किसी भी विषय में निर्धारित उत्तीर्णांक से कम अंक प्राप्त करने की स्थिति में संबंधित विषय में अनुत्तीर्ण के साथ परीक्षाफल असफल घोषित होगा।

(घ) प्रायोगिक एंव आंतरिक मूल्यांकन के किसी भी विषय में अनुपस्थित होने की स्थिति में संबंधित छात्र को अगली परीक्षा में सभी विषयों (सैद्धांतिक + आंतरिक + प्रायोगिक) की परीक्षा में सम्मलित होना अनिवार्य होगा।

(च) प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की सैद्धांतिक विषयों जिसकी परीक्षा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित की जाएगी। उक्त में से किसी दो विषय में अनुतीर्ण होने की स्थिति में परीक्षार्थी को आगामी आयोजित होनेवाली परीक्षा में उक्त असफल विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया जा सकेगा।

(छ) डी0पी0एड0 कोर्स के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की सैद्धांतिक विषयों का परीक्षा आयोजित कर परीक्षाफल प्रकाशन के उपरांत अभ्यर्थी को अपने अंक से असंतुष्ट विषयों (सैद्धांतिक) की उ0पु0 का पुनरीक्षण कराने के लिये पुनरीक्षण आवेदन पत्र एवं शुल्क ऑनलाईन जमा करने का मैट्रिक, इण्टर एवं डी0एल0एड0 कोर्स की तर्ज पर कराया जायेगा। उ0पु0 पुनरीक्षण के लिये प्रति विषय 200 / – रुपया मात्र का शुल्क निर्धारित किया जाता है।

परीक्षा संरचना (Pattern) पर शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 495 दिनांक 06.09.2022 द्वारा सरकार की सहमति प्राप्त है।

यह आदेश तात्कालिक प्रभाव से लागू होगा।

29.09.2022

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

ज्ञापांक :– के०वि० - 354/22 पटना, दिनांक 29 - 09 - 22.

प्रतिलिपि : प्राचार्य, तिरहुत कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन, कृष्णनन्दन सहाय नगर, झपहाँ, मुजफ्फरपुर एवं प्राचार्य, मिथिला हनुमंत राष्ट्रीय स्मारक एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, इन्दिरा नगर, गोईमिश्रलगमा, घनश्यामपुर, दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। समिति द्वारा पंजीयन संबंधी विज्ञप्ति अलग से जारी की जायेगी।

29-9-2022

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

ज्ञापांक :– के०वि० - 354/22 पटना, दिनांक 29-09-22

प्रतिलिपि : निदेशक, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद, महेन्द्रू, पटना / निदेशक, शोध एवं प्रशिक्षण, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना / अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

29-9-2022

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

ज्ञापांक :– के०वि० - 354/22 पटना, दिनांक 29-09-22

प्रतिलिपि : निदेशक, आई॰टी॰ / निदेशक, शैक्षणिक / अपर सचिव, भंडार, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

29-9-2022

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

ज्ञापांक :– के०वि० - 354/22 पटना, दिनांक 29-09-22

प्रतिलिपि : अध्यक्ष एवं सचिव के आप्त सचिव / विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

29-9-2022

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना